हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 3 अक्टूबर 2024
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 धर्मांतरण पर रोक लगाए व हिन्दू राष्ट्र घोषित करें ...


14 समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद में आगे आए...


## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## ख़बर संक्षेप

### शराब पीकर रास्ते में सोए व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीकर रास्ते में सोए व्यक्ति पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि बरोंडा चौक में एक व्यक्ति शराब के नशे में आम रोड पर पड़ा हुआ है, जिससे लोगों को असुविधा हो रही है। मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति का नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम विजय जाल पिता धनंजय जाल (36 साल) निवासी वार्ड नं 22 सुभाष नगर महासमुंद बताया। मामले में आरोपी विजय जाल के खिलाफ अपराध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ट्रक की चपेट में आकर महिला की मौत




**महासमुंद।** ट्रक की चपेट में आने से बाइक में सवार एक महिला की मौत हो गई। सरायपाली पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम गाताडीह निवासी भगत सिदार अपनी बीमार साली का इलाज कराने केंदुढार से शासकीय अस्पताल सरायपाली आया हुआ था। इस दौरान उसकी सास मालती सिदार भी थी। इलाज कराने के बाद वह बाइक से क्रमांक जीसी 12 एए 6386 में बैठ कर वापस केंदुढार जा रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे खान किराना दुकान मेन रोड बालसी के पास पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीजी 9466 के चालक ने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाकर बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे प्रार्थी एवं उसकी साली कुंती सिदार बाइक से दूर गिर गए एवं मालती सिदार रोड में गिरी और ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

### कार्रवाई : गांधी जयंती पर गांवों में जमकर बिकी शराब

# नाले के समीप मिली महुआ शराब की मिनी फैक्ट्री, दबोचे गए दो युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

स्थानीय पुलिस की जुआ, सट्टा आदि अवैधानिक कार्यों में लिप्त तथा अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले आरोपियों के विरुद्ध धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 2 अक्टूबर बुधवार को थाना कसडोल से निरीक्षक रितेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक भीम साहू, दिनेश रात्रे, आरक्षक राजकुमार केवट, पीलेश कुर्मी, मृत्युजय महिलागे, प्रताप बंजारे की पुलिस टीम ने ग्राम फुरफुन्दी में गवघट नाला के पास भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाने की लघु फैक्ट्री में घेराबंदी कर छापा मारा। इस प्रकरण में शत्रुहन बरिहा 30 साल निवासी ग्राम फुरफुन्दी थाना कसडोल और परदेशी बरिहा 25 साल ग्राम फुरफुन्दी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मौके पर पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से 150 लीटर महुआ शराब एवं महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल बर्तन, ड्रम इत्यादि सामान कुल किमती 35,360 जब्त किया गया है। पुलिस टीम ने मौके पर बारीकी से निरीक्षण किया, जिसमें स्थल पर महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल 600 किलो महुआ पास बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आब एक्ट कायम कर ए, दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



### गांवों की महिलाएं हुई लामबंद



उल्लेखनीय है कि नगर सहित अंचल के गांवों में हर गली मोहल्ले पर महुआ एवं अन्य केमिकल से निर्मित शराब की अवैध बिक्री पुलिस और आबकारी विभाग की सह पर की जा रही है। शासन द्वारा गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को सरकारी दुकानों में शराब की बिक्री को बंद रखी जाती है, पर पुलिस और आबकारी विभाग के सह पर ही गांव गांव में खुले आम महुआ और अन्य नशीले पदार्थ बेचा गया। भले ही पुलिस विभाग द्वारा दिखाने के लिए कही कही कार्रवाई की जाती है। इस अवैध शराब बिक्री से गांवों की महिलाएं लामबंद हो रही है।

### 98 पौवा शराब जब्त 2 कोचिया गिरफ्तार



भाटापारा। शहर पुलिस ने नगर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 शराब कोचियों घेराबंदी कर दबोच लिया। उनके कब्जे से 98 पौवा शराब जब्त की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मिली जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर को शहर पुलिस टीम ने ओवर ब्रिज के नीचे संत रविदास वार्ड भाटापारा में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बेचने वाले 2 शराब कोचियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में दीपक घृतलहरे 30 वर्ष निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा और 24 वर्षीय दीपक घृतलहरे पिता मान सिंह घृतलहरे निवासी सुरखी थाना भाटापारा ग्रामीण शामिल है। आरोपियों से 11,140 कीमत मूल्य की 98 पौवा देशी मसाला/गोवा अंग्रेजी शराब जब्त की। दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना भाटापारा शहर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## गर्भवती पत्नी की निर्मम हत्या, आरोप में पति गिरफ्तार



*मुड़पार सरसीवां। पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद के बाद बुधवार को ग्राम कुसमुंडा निवासी गोपाल केंवट ने अपनी गर्भवती पत्नी सरिता केंवट की डंडे और लोहे के राड से मार-मार कर निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद पत्नी के शव को घर में ताला बंद कर चाबी और मोबाइल को वहीं फेंक कर खुद पुलिस थाना पहुंचकर घटना की जानकारी देते हुए आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस द्वारा तुरंत आरोपी को हिरासत में लेकर फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पहुंची, जहां दरवाजा खोलने पर सभी तरफ खून बिखरा होने के साथ मृतका का शव जमीन पर पड़ा था। पुलिस द्वारा पंचनामा तैयार कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया तथा आरोपी गोपाल केंवट के खिलाफ धारा 103, 1 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया गया। प्रदत्त जानकारी के अनुसार आरोपी गोपाल केंवट झोला छाप डाक्टरी करता है तथा गत दिनों अपनी गर्भवती पत्नी सरिता को उसके मायके नंदेली से सोनोग्राफी कराने के लिए अपने ग्राम लेकर आया था। कुछ दिनों के बाद ही मृतका की डिलिवरी होने वाली थी। बुधवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी के मध्य विवाद होने के बाद आरोपी द्वारा अपनी पत्नी को डंडे व राड से मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। वहीं मृतका के कोख में पल रहा आठ का माह का शिशु भी दुनिया में आने के पहले ही उसकी भी मौत हो गई।*

## भयादोहन कर वसूले लाखों रुपए, हीराकली चतुर्वेदी गिरफ्तार



***बलौदाबाजार।** शहर एवं आसपास के विभिन्न लोगों को अपने झांसे में लेकर उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक-लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की रकम वसूली करने संबंधी मामले में थाना सिटी कोतवाली में कुल 5 अपराध दर्ज किया गया है। प्रकरण में पूर्व में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ पर, प्रकरण में संलिप्तता तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रथम अपराध में धारा 384, 389, 212, 34, द्वितीय अपराध में धारा 384, 389, 34 एवं तृतीय अपराध में धारा 384, 389, 34 में बुधवार को आरोपिया हीराकली चतुर्वेदी 35 साल निवासी ग्राम सोनाडीह पुलिस चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।*

### साढ़े तीन किलो गांजा जब्त, युवक गिरफ्तार



बलौदाबाजार। सिटी कोतवाली पुलिस असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार को मुखबीर की सूचना पर भैंसापसरा निवासी अजय देवार 28 वर्ष को अपने घर में बिक्री के लिए रखे 3 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस टीम ने आरोपी एवं उसके घर की सुक्ष्मतापूर्वक जांच की, जिसमें आरोपी के घर से अलग-अलग झिल्ली के पैकेट में भरा हुआ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कराया गया, जिसमें कुल 3 किलो 800 ग्राम गांजा कीमत 38 हजार रुपए आंका गया। थाना सिटी कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध धारा 20 एनडीपीए एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### जुआ खेलते आठ युवक पकड़ाये, 9500 रुपए जब्त



**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले, शराब कोचियों एवं जुआ, सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार को सिटी कोतवाली की पुलिस टीम ने भैंसापसरा में घेराबंदी कर जुआ खेलते निगमचंद बांधे 44 साल निवासी ग्राम पहंदा, सागर जोशी 32 साल निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार, परदेसी फेकर 38 साल निवासी ठाकुर देव चौक बलौदाबाजार, सूर्या भारती 19 साल निवासी भैंसापसरा, राम प्रसाद धृतलहरे 44 साल निवासी पुरानी बस्ती सतनाम चौक बलौदाबाजार, गोपाल साहू 34 साल निवासी संजय कॉलोनी बलौदाबाजार, इरफान खान 20 साल निवासी रामसागर पारा तालाब के पास बलौदाबाजार, विजय वर्मा 42 साल निवासी संजय कॉलोनी बलौदाबाजार को रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी जुआरियों से 52 पत्ती ताश व 9500 रूपये जब्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट एवं छ.ग.जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

## न्याय यात्रा का सफल नेतृत्व करने पर विधायक संदीप को मिले सौ अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन



प्रदेश कांग्रेस की न्याय पदयात्रा 27 सितंबर को प्रारंभ हुई, जों कटगी होते कसडोल, लवन, कुम्हारी, रोहासी, खरतोरा होते 2 अक्टूबर को रायपुर के गांधी मैदान में संपन्न हुआ। न्याय यात्रा में विधायक संदीप साहू के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न गांवों में न्याय यात्रा का जगह-जगह स्वागत एवं विभिन्न स्थानों में न्याय यात्रा के लोगों के लिए उचित भोजन पानी एवं रहने की व्यवस्था करने पर न्याय यात्रा प्रमुख पीसीसी चीफ दीपक बैज ने खरतोरा में स्वागत मंच से ही माइक पर विधायक संदीप साहू के सफल नेतृत्व के लिए उनकी सराहना की और उन्हें बधाई शुभकामनाएं देते हुए 100 में 100 अंक प्रदान किए और कहा कि यह जिला का आखिरी बॉर्डर है, यहां की जनता ने हमें और इस न्याय यात्रा को खूब प्यार दिया खूब आशीर्वाद दिया। इस दौरान विधायक संदीप साहू ने श्री बैज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्तओं के सहयोग से ही न्याय यात्रा को भारी जन समर्थन मिला।

## स्वच्छ भारत मिशन पर स्कूल में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

■ स्लोगन, निबंध एवं कविता में कुनाल, यशराज व दृष्टि रही अव्वल



नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर भटगांव के अंतर्गत आने वाली सभी शालाओं के छात्र-छात्राओं के लिए इंटर स्कूल विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। इसके अंतर्गत कविता लेखन, निबंध लेखन, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, क्विज कंपीटिशन, स्वच्छता दौड़, सायकिल मैराथन, रंगोली, वेस्ट टू आर्ट, स्लोगन, स्वच्छता शपथ, मानव श्रृंखला निर्माण एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन निर्णायक दलों द्वारा किया गया तथा चयनित छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कड़ी में अन्य विद्यालयों के साथ नगर भटगांव स्थित लोटस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अनेक प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्लोगन निबंध एवं कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुनाल मनहर, यशराज द्वितीय स्थान में दृष्टि साहू ने प्राप्त किया।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने दिलाई स्वच्छता की शपथ



पलारी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता की शपथ ली गई। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मियों का साल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मान किया। साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर नपं अध्यक्ष ने सभी कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि हमें अपने आस पास को साफ सुथरा रखना चाहिए। गंदगी से हमारे बच्चों को कई प्रकार के जानलेवा बीमारी होने की संभावनाएं बनती है। उन्होंने सफाई कर्मियों के साथ-साथ नगर पंचायत के कर्मचारियों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत सीएमओ जेबी पटेल, इंजीनियर अनिल वर्मा, सभापति ताजेन्द्र कनौजे, सभापति टुकेश्वरी वर्मा, पार्षद संतोष देवांगन, पुष्पा बंजारे, सेवती धीवर, मूलचंद धीवर, सफाई दारोगा महेन्द्र वर्मा सहित नगर पंचायत पलारी के कर्मचारी, सफाई कर्मी, महिला सफाई कर्मी उपस्थित थे।

### तहसीलदार ने कर्मचारियों के साथ की कार्यालय की सफाई



**पलारी।** महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पर तहसीलदार लिलाधर कंवर की अगुआई में कर्मचारियों ने तहसील कार्यालय एवं परिसर में सफाई अभियान चलाया। तहसीलदार ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर तहसीलदार लीलाधर कंवर, नायाब तहसीलदार चुम्मन लाल ध्रुव, लवकुमार कंवर पटवारी, टिकेश्वर साहू, उमाशंकर, खम्हन ध्रुव, राघवेंद्र, तहसील स्टॉप हेमंत मानिकपुरी, दिलेश्वर साहू आदि शामिल थे।

### वृद्धजन शॉल-श्रीफल से सम्मानित



**पलारी।** ग्राम दतान (प) में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर महेश बारले अध्यक्ष असहाय जन सेवा संस्थान कार्यक्षेत्र संपूर्ण छत्तीसगढ़ व पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत दतान प के नेतृत्व में बुजूर्गो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें संस्था के सचिव उषा सोनवानी, उपाध्यक्ष सालिकराम घृतलहरे, सदस्य चित्रप्रसेन बघेल उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य आतिथि भारती साहू जिला पंचायत सदस्य बलौदा बाजार, अध्यक्षता बृजबाई वर्मा जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि वेदप्रकाश वर्मा सरपंच, मोनू-महेन्द्र साहू भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सबसे पहले माता एवं पिता तुल्य वृद्धजनों का गुलाल एवं पुष्प माला पहनाकर, आरती उतारकर स्वागत किया गया। उसके बाद सभी सदस्यों को साड़ी, शॉल, श्रीफल, गमछा, भेंट कर सम्मान किया गया, जिसमें गांव के 40 लोग सम्मानित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में केशरी वर्मा भाजयुमो उपाध्यक्ष का योगदान रहा। इस अवसर पर बालाराम बारले, फगुवा चेलक, महादास, खोरबाहरा, पुराणिक वर्मा, छेदू वर्मा, रामचंद्र वर्मा, रोमनाथ वर्मा, सुखी वर्मा,रामदयाल विश्वकर्मा ,संतोषी रजक सहित ग्रामीणजन अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए रायपुर के एम्स में भर्ती कराया गया है। बसना पुलिस को घायल के पुत्र विक्की रात्रे ने बताया कि 29 सितंबर को मैं रांची में था। शाम करीब 7.40 बजे मेरे गांव के प्रदीप कोसरिया ने फोन कर बताया कि मेरे पिताजी टीकाराम रात्रे का एक्सीडेंट हो गया है। ग्राम तरेकेला पहुंचने पर पता चला कि पिता जी एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में पूछताछ किया तो पता चला कि 29 सितंबर की शाम को बच्चों को लेकर पैदल ट्यूशन पढ़ने के लिए छोड़ने जा रहे थे कि शाम करीब 7.30 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीआर 0596 के चालक वेणुधर खडिया निवासी ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मेरे पिताजी टीकाराम रात्रे को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के चलते उन्हें एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक को 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पत्रकारों ने महात्मा गांधी के योगदान को याद किया



पलारी। महात्मा गांधी की जयंती पर प्रेस क्लब की मासिक बैठक हुई। इस बैठक में पत्रकारों ने महात्मा गांधी के योगदान और उनके आदर्शों को याद किया। बैठक की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इसके बाद पत्रकारों ने बापू के सत्य, अहिंसा और स्वराज के सिद्धांतों पर विचार-विमर्श किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इसके साथ ही प्रेस क्लब की मासिक लेखा-जोखा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें पिछली बैठक की कार्यवाहियों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। पत्रकारों ने मीडिया के महत्व और उसकी जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

**खबर संक्षेप**

## साईंनाथ वार्षिकोत्सव में डॉ. हिमांशु द्विवेदी को आमंत्रण



**रायपुर।** श्री सतबहनिया साईं मंदिर के सोलहवें महोत्सव में हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को शामिल होने का विशेष आमंत्रण समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद गोवर्धन शर्मा ने मंगलवार को दिया है। 12 अक्टूबर को दशहरा उत्सव के मौके पर उत्साह के साथ साईं नाथ का वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। इस दिन प्रातः साईं बाबा का दुग्धाभिषेक, छोटी आरती व मध्यान्ह आरती की जाएगी। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। डॉ. द्विवेदी को वार्षिकोत्सव के मौके पर आमंत्रण मंदिर समिति के अध्यक्ष गोवर्धन शर्मा, विक्रांत शर्मा, कुनाल भोजक, शुभम छत्रि, अतुल ने सम्मान के साथ प्रदान किया।

## न्याय यात्रा खरोरा पहुंची भावेश ने किया स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा चौथे दिन मंगलवार को खरोरा पहुंची। जहां यात्रा में चल रहे सभी न्याय यात्रियों का भव्य स्वागत प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष भावेश बघेल ने खरोरा गार्डन मोड़ के पास किया और प्रदेश अध्यक्ष को नागर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट दिया। इस मौके पर श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश की साय सरकार है, जो की 9 महीने में ही निकम्मी सरकार होने का खिताब अर्जित कर चुकी है, इस साय सरकार में न तो कानून व्यवस्था ठीक है और न ही इस सरकार का काम करने का तरीका। चुनाव से पहले जनता को जो लुभावने वादे बीजेपी ने किए, वो सारे वादे सरकार बनते ही विलुप्त हो गए हैं। भाजपा सरकार के विरोध में इस पदयात्रा का अहम उद्देश्य प्रदेश के फैली अराजकता को दूर करना और सामाजिक समरसता को स्थापित करना है। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, राजू यादव, प्रशांत गोस्वामी एवं धरसीवा विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएससी 15 से लेगा साक्षात्कार

रायपुर। राज्य मुख्य सेवा परीक्षा 2023 की मुख्य लिखित परीक्षा के परिणाम जारी किए जाने के बाद पीएससी द्वारा साक्षात्कार तिथि भी जारी कर दी गई है। पीएससी 15 अक्टूबर से 5 नवंबर तक साक्षात्कार लेगा। 17 विभागों के अंतर्गत 242 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। 703 परीक्षार्थियों का चयन इंटरव्यू के लिए किया गया है।

## रक्तदान और मेगा स्वास्थ्य शिविर में 500 ने कराई जांच

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब आफ रायपुर वेस्ट और रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, बालाजी हॉस्पिटल मोवा के साथ रक्तदान एवं मेगा स्वास्थ्य शिविर का संयुक्त आयोजन किया गया। शिविर में सभी के प्रयास से 90 यूनिट रक्तदान किया गया और तकरीबन 500 लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया। इस अवसर पर 18 वरिष्ठ लोगों का सम्मान भी किया गया। विधायक पुरंदर मिश्रा, रविवि के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल, आईजी ट्रैफिक पुलिस संजय मिश्रा के अलावा प्रवीण अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## चलते ट्रक में लगी आग

**भिलाई।** चलती ट्रक में अचानक आग लगने से ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुची। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रसमडा औद्योगिक क्षेत्र की ओर जा रहे ट्रक आरजे 47 जीए 5398 का टायर ब्लास्ट हो गया। जिससे ट्रक में अचानक आग लग गई। सूचना पर टीम मौके पर पहुची और ट्रक में लगी आग को बुझाने आपदा प्रबंधन की टीम रवाना हुई।

# पिछड़ा वर्ग आयोग को मिला 90 प्रतिशत ओबीसी डाटा, 15 दिनों में हो सकती है आरक्षण की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा करने के लिए गठित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट अगले 15 दिनों में सरकार को दी जा सकती है। इस रिपोर्ट में आयोग यह अनुशंसा करेगा कि दोनों चुनावों में ओबीसी को कितना आरक्षण दिया जाना है। इससे पहले आयोग ने कलेक्टरों से सर्वे की अंतरिम रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट से संबंधित करीब 90 प्रतिशत डाटा आयोग को मिल चुका है। राज्य के स्थानीय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा सरकार को देने के लिए गठित आयोग ने ओबीसी सर्वे के संबंध में 54 बिंदुओं के आधार पर जानकरी जुटाने की तैयारी की थी। लेकिन इस काम में संभावित देरी के मद्देनजर आयोग ने राज्य के कलेक्टरों से कहा था कि कुछ चुनिंदा बिंदुओं के आधार पर अंतरिम रिपोर्ट देने कहा था। इस संबंध में 90 प्रतिशत संख्यात्मक जानकारी मिल चुकी है।

***राज्य में ओबीसी की 95 जातियां***

बताया गया है कि छत्तीसगढ़ में ओबीसी समुदाय में 95 जातियां शामिल है। इनमें हिंदुओं के अलावा मुस्लिम समुदाय के ओबीसी भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने भी क्वांटीफायएबल डाटा आयोग का गठन कर ओबीसी की सर्वे कराया था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने यह रिपोर्ट विधानसभा में पेश की न ही इसे सार्वजनिक किया गया है।

**राज्यभर के जिलों से आयोग को मिली अंतरिम रिपोर्ट**

### अब आयोग करेगा ये काम

आयोग के सूत्रों की मानें तो अंतरिम रिपोर्ट का डाटा मिलने के बाद अब आयोग का काम आसान हो गया है। आयोग को इस रिपोर्ट में यह जानकारी चाहिए थी कि हर नगरीय निकाय और पंचायत क्षेत्र के वार्डों में ओबीसी परिवारों की संख्या कितनी है और एक परिवार में कितने लोग रहते हैं। यह जानकारी मिलने के बाद अब सूत्रों का कहना है कि अगले 15 दिनों में आयोग राज्य सरकार को ओबीसी आरक्षण के बारे में अपनी अनुशंसा रिपोर्ट देगा। इसके बाद सरकार इस रिपोर्ट की अनुशंसा पर विचार करेगी।



सरकार को दी जाएगी अनुशंसा, फिर देंगे आरक्षण

### निकायों में अध्यक्षों का भी होगा आरक्षण

बताया गया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग राज्यभर में सभी नगरीय निकायों और पंचायत क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं का निर्धारण करेगा। इसके साथ ही ये तय किया जाएगा कि किस वार्ड में ओबीसी समुदाय की संख्या कितनी है। इसी आधार पर तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की संख्या कितनी है। इसी आधार पर यह भी तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में अध्यक्ष किस वर्ग का होगा। खास बात ये है कि आयोग को भी 50 प्रतिशत की सीमा में आरक्षण के भीतर ही तय करना है। ऐसे में एससी या एसटी बहुल क्षेत्र में भी अगर किसी वार्ड या निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की बहुलता है तो वह क्षेत्र ओबीसी के लिए आरक्षित होगा।

**अपराधों में बढ़ोत्तरी:** फ्लिपकार्ट और अमेजन से हो रही खरीदी

# ऑनलाइन हथियार खरीदने वालों कर लो तौबा, अब जमानत भी होगी निरस्त

जेएम तांडी ▸▸ भिलाई

जिले में लगातार बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए दुर्ग पुलिस बड़ा अभियान का शुरुआत कर रही है। इसके लिए ऑनलाइन हथियार बेचने वाले शॉपिंग मॉल से तीन माह का डिटेल खंगाल रही है। इसमें जिस भी अपराधियों का डिटेल मिलेगा पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई कर हथियार जब्त करने वाली है। इसके अलावा ऐसे हिस्ट्रीशीटर, अपराधी जिसका पुलिस रिकार्ड है या फिर कोर्ट से जमानत में छुटा होगा पुलिस अब उसके जमानत हमेशा के लिए निरस्त कराने का प्लान तैयार किया है। इससे जिले में अपराधों में कमी आएगी साथ ही अपराधियों में खौफ भी होगा। पुलिस के इस बड़े अभियान को लेकर अपराधियों तक को इसकी जानकारी नहीं है। इसे लेकर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने सभी थानेदारों को हिदायत दिया है कि चाकू, कटरबाजी और अवैध हथियार रखने वालों का लिस्टिंग कर उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई करते रहें। बढ़ते अपराध को रोकने के लिए पुलिस का यह अभियान लगातार चलते रहेगा। हाल में छावनी, खुर्सीपार, दुर्ग कोतवाली, सुपेला समेत कई थानों क्षेत्र में इस तरह की वारदाते हो चुकी है। इसके चलते पुलिस ने इस तरह के अपराधियों पर नकेल कसने के लिए बड़ा प्रयास शुरु किया है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### इंस्टाग्राम पर हथियार की बढ़ रही है डिमांड

सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम में लगातार हथियार की खरीद फरोख्त का अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है। अपराधी इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन हथियार की डिमांड होने पर ही छत्तीसगढ़ के बाहर से हथियार की सप्लाई यहां की जा रही है। इसमें सबसे अधिक पुराने अपराधी शामिल है जो जमानत पर छूटकर भिलाई-दुर्ग में रुपए पैसे कमा रहें है। पूर्व अवैध हथियार खरीदी मामलों में पुलिस ने कई अपराधियों को पकड़ा है। उन्होने भी मंगेर से हथियार की सप्लाई होना स्वीकार किया था। लेकिन अपराधियों ने पुलिस के डर से हथियार खरीदने का ट्रेंड बदलकर ऑनलाइन मंगाकर शहर में बेखौफ तरीके से बेचा जा रहा है। हथियार को सोशल मीडिया में अपलोड कर कस्टमर खोज रहें है।

### छह माह में 41 चाकूबाजी




| | |
|---|---|
| जनवरी | 7 |
| फरवरी | 2 |
| मार्च | 2 |
| अप्रैल | 5 |
| मई | 6 |
| जून | 10 |
| जुलाई | 3 |
| अगस्त | 6 |

**अब तक के मामले**

#### केस 1

वैशाली नगर थाना क्षेत्र में मंदिर परिसर से युवक गुजर रहा था। इस दौरना आधा दर्जन युवको ने उस पर कटर से हमला कर फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसी कैमरा खंगाल कर आरोपी युवको को गिरफ्तार कर उनका जुलुस निकाला था।

#### केस 2

छावनी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दो सगे भाई प्रतीक और अश्वनी वासनिक पर चाकू से हमला हुआ था। शिकायत के बाद पुलिस ने तीन आरोपी युवको का जुलूस निकालकर पकड़ कर जेल भेजा गया।

**नकेल कसने की तैयारी**



अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने बड़ा अभियान की शुरुआत की है। चाकू, कटरबाजी करने वाले अपराधियों पर नकेल कसने के लिए ऑन लाइन हथियार खरीदने वालों का तीन माह का रिकार्ड मंगाया गया है।अपराधियों के बारे में जानकारी मिलने पर उनकी जमानत हमेशा के लिए निरस्त कराया जाएगा। **-जितेन्द्र शुक्ला,** एसपी दुर्ग

### फ्लिपकार्ट, अमेज़न से तीन माह का डाटा

पुलिस ने बताया कि अवैध रूप से ऑनलाइन हथियार मंगवाने वाले अपराधी अब फ्लिपकार्ट, अमेज़न की ओर अपना रूख कर लिए है। जिसे लेकर पुलिस अपराधियों का तीन माह का रिकार्ड खंगाल रही है।

### ट्विनसिटी में मुंगेर से हथियारों की सप्लाई

खबरों के मुताबिक हथियारों की मंडी कहा जाना वाला राज्य बिहार का मुंगेर में अब हाईटेक हो गया है। कोरोना काल के बाद जिस प्रकार पूरा का पूरा बाजार ऑनलाइन मार्केटिंग पे टिक गया जहां आप कपड़े से ले कर आभूषण और इलेक्ट्रिक सामान के साथ घर के सब्जी तक ऑनलाइन मार्केटिंग के माध्यम से मंगाने लगे हैं। वैसे ही हथियारों की इस मंडी में भी डिलिवरी का कंसेप्ट बदल गया है। अब मुंगेर के अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री ऑनलाइन मोड में ज्यादा हो रही है। इसी को लेकर जिले के अपराधी बेखौफ तरीके से नशे की हालत में कटर, चाकू, तलवार जैसे बड़े हथियार का उपयोग कर घटना को अंजाम दे रहें है।

# विभागीय गलती का खामियाजा भुगत रहे 533 बांडेड डॉक्टर

**69 हजार के बजाय 55 हजार वेतन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पदस्थापना के दौरान विभागीय त्रुटि की वजह से 69 हजार के बजाए 55 हजार वेतन वाले नियम के साथ जारी आदेश का खामियाजा 533 बांडेड डॉक्टर झेल रहे हैं। त्रुटि सुधरवाने के लिए वे स्वास्थ्य संचालनालय के चक्कर लगा रहे हैं, मगर अब तक आदेश को संशोधित नहीं किया गया है। बांडेड डॉक्टरों के प्रतिनिधि पिछले दो दिन से यूडीएफए के बैनर तले स्वास्थ्य संचालनालय पहुंचकर अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। उन्हें आश्वासन तो मिल रहा है, मगर त्रुटि सुधार का आदेश जारी नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार, काफी इंतजार के बाद वर्ष 2018 बैच के चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना आदेश जारी किया गया था। इसमें विभागीय त्रुटि हुई और पुराने नियम का उल्लेख था, जिसमें अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ किए जाने वाले डॉक्टरों को 55 हजार वेतन दिए जाने का जिक्र था, जबकि शासन द्वारा वर्ष 2023 में चिकित्सा अधिकारियों का मानदेय बढ़ाकर 69 हजार कर दिया गया था। प्रारंभ में ही इस त्रुटि से अधिकारियों को अवगत कराया गया, मगर अब तक इसमें सुधार नहीं किया गया है और चिकित्सा अधिकारी अपना वास्तविक वेतन पाने के लिए स्वास्थ्य संचालनालय के गलियारों में भटक रहे हैं।

### हर माह 13 हजार कम वेतन

इस मामले में यूनाइटेड डॉक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह का कहना है कि विभागीय गलती की वजह से प्रत्येक डॉक्टर को हर माह 13 हजार रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा किसी तरह का ठोस आश्वासन नहीं दिया जा रहा है। आने वाले दिनों स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराएंगे।

**प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा**

# ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं विकसित करने की जरूरत




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने मंगलवार को रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम के दौरान कहा कि 14 ग्राम पंचायतों, एक नगर पंचायत, रायपुर नगर निगम के 15 वार्डों और बिरगांव नगर निगम सहित औद्योगिक क्षेत्र को समेटे हुए ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र शहर के चारों ओर फैला हुआ है। यहां समस्याएं अनंत हैं और सबकी नजरें ग्रामीण क्षेत्र पर टिकी हुई हैं। यहां के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी की कमी है। हमने यहां के लोगों की छोटी-छोटी जरूरत वाले निर्माण कार्यों के लिए 50 करोड़ स्वीकृत कराए हैं। रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं विकसित करने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान विधायक मोतीलाल साहू ने मीडिया से चर्चा में कई सवालों के जवाब दिए।

- रायपुर शहर का तेजी से विस्तार हुआ है, क्या इसे महानगर पालिका बनाने की जरूरत है?
- इस प्रश्न के जवाब में श्री साहू ने कहा कि रायपुर शहर को महानगर पालिका बनाने की जरूरत है या नहीं, यह काम मेयर इन कौंसिल और सरकार के हिसाब से होगा। यहां बहुत ज्यादा काम करने की जरूरत है। घनी आबादी वाले शहर में ड्रेनेज की समस्या एक अरसे से रही है। शहर के कुछ इलाकों में सफाई की गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही हैं। प्रशासन को इससे अवगत कराया है।

***उपहार में मिले 12 हजार अस्थायी विद्युत कनेक्शन***

- *रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने बताया कि 12 हजार अस्थायी विद्युत कनेक्शन उन्हें उपहार के रूप में मिले हैं। इससे लोग परेशान हैं। हमने सर्वे कराया है, अस्थायी विद्युत कनेक्शन की समस्या को दूर करना होगा। साथ ही शहर में झूलते तारों के जाल से मुक्त कैसे हों, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने की जरूरत है।*
- ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विद्याचरण शुक्ल वार्ड स्थित लभांडी और फुंडहर में नई पानी टंकी बनने के बाद 3 साल बाद भी लोगों के यहां इंटर कनेक्शन नहीं हुआ है, टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है?
- इस सवाल के जवाब में विधायक श्री साहू ने कहा, पानी की समस्या दूर करने नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। बहुत जल्द ही इस पर काम किया जाएगा। मेरे संज्ञान में यह बात है, हम कोशिश करेंगे कि लभांडी और फुंडहर में नई पानी टंकी से लोगों को जल्द ही पानी मिले।

**एक भी सांसद अब तक नहीं पहुंचा अपने लक्ष्य के करीब**

# 54 में चार विधायक ही भाजपा के दस हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य के पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में एक माह का समय होने वाला है। इस समय में सांसद और विधायकों को दिया गया लक्ष्य प्राप्त करने में इनका पसीना छूट रहा है। अब तक महज चार विधायक ही अपना लक्ष्य प्राप्त कर सके हैं। जहां तक सांसदों का सवाल है, तो एक भी सांसद अपने लक्ष्य का 50 फीसदी आंकड़ा भी नहीं छू सका है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने रायपुर प्रवास के दौरान इस मामले में नाराजगी भी जता चुके हैं।

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी अपने लक्ष्य को लेकर जुटे हुए हैं और अपने लिंक से अपने समर्थकों के माध्यम से सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने में ज्यादातर विधायक और सांसदों अभी कौसों दूर हैं।




### इन विधायकों के रिकॉर्ड सदस्य

प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरुद के अजय चंद्राकर रहे हैं। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। लेकिन सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 27 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ राजिम के विधायक रोहित साहू जहां 13 हजार के आस-पास हैं, वहीं नवागढ़ विधायक तथा खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने करीब 12 हजार सदस्य बना लिए हैं।

### रथयात्रा निकालकर 5 लाख नए सदस्य बनाएगा भाजयुमो

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने कहा, सदस्यता अभियान के पहले चरण में हमारे मोर्चा ने लगभग 2.50 लाख सदस्य बनाने का काम किया है। भाजयुमो द्वितीय चरण में रथयात्रा निकालकर पांच लाख नए सदस्य बनाने का काम करेगा। इसके लिए सभी का जिम्मा तय किया गया है। 4 से 11 अक्टूबर के बीच पूरे प्रदेश में रथयात्रा के माध्यम से विकासखण्डों में जाकर शैक्षणिक संस्थाओं, छात्रावास, दुर्गा पण्डाल, हाट-बाजार, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि जगहों पर युवाओं को सदस्य बनाएंगे। एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री भगत ने बताया, यह यात्रा प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों से प्रारंभ होगी। प्रत्येक रथ के साथ प्रदेश व जिला स्तर की 10 सदस्यों की टोली 8 दिनों तक सभी जगहों पर जाकर सदस्यता अभियान चलाएगी। इसी क्रम में सभी रथयात्राओं को स्थानीय भाजपा के सभी बड़े नेता हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री भगत ने बताया कि प्रदेश के सभी पांच संभागों में 20 यात्राएं निकल रही हैं। श्री भगत ने बताया कि रथयात्रा के दौरान प्रत्येक दिन एक बड़ा कार्यक्रम रखा जाएगा और प्रतिदिन यात्रा में 1000 सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

# प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करें: केदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने मंत्रालय में जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने बैठक में सभी मुख्य अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के 100 दिवस के भीतर टेंडर लग जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लेट लतीफी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया में विलंब होने पर जिम्मेदारी तय कर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जशपुर जिले के कुनकुरी में नया कार्यपालन अभियंता कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी। इस अवसर पर जल संसाधन सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके, मुख्य अभियंता एसव्ही भागवत, केएस गुरूवर, एसके टीकम, डीके उमेरकर, आरके इंदवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कुनकुरी में खुलेगा ईई जल संसाधन कार्यालय

बैठक में रिक्त पदों पर भर्ती और पदोन्नति, कुनकुरी में नये अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी कार्यालय के शुभारंभ के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए। सोलर पावर प्रोजेक्ट, जल संसाधन विभाग की सम्पतियों का व्यावसायिक उपयोग हेतु नीति, बांधो से गाद निकालने हेतु डेजिंग पॉलिसी बनाने, वन विभाग में लंबित व्यपवर्तन प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

**संचालनालय ने दिया रीव्यू डीपीसी कराने का आदेश**

# सीनियर को किनारे कर जूनियर प्रमोट, दो को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा लिपिकों की डीपीसी कर वर्ष 2023 एवं 2024 में सीनियर लिपिकों को मौका दिए बगैर जूनियर लिपिक को पदोन्नति आदेश जारी किया गया। मामले की शिकायत लोक शिक्षण संचालनालय को किए जाने पर मामले की जांच में इसे सही पाया गया। संचालनालय ने नियमानुसार रीव्यू डीपीसी करने का आदेश संभागीय संयुक्त संचालक को दिया है। पदोन्नति के लिए जो पदांकन सूची बनाई गई थी, उसमें ही गलत जानकारी दिए जाने से पदोन्नति में बड़ा खेल हुआ है। पूरा मामला अपने लोगों को लाभ पहुंचाने का है।

- मामले में डीपीसी को निरस्त करते हुए रीव्यू डीपीसी कराने के आदेश दिए




जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 और कनिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की गई। डीपीसी के बाद अप्रैल 2023 में पदोन्नति का आदेश जारी किया गया। आदेश जारी होने के बाद लिपिकों ने इस संबंध लोक शिक्षण संचालनालय को शिकायत की। शिकायत की जांच तीन सदस्यीय जांच समिति से कराई गई। जांच में यह पाया गया कि डीपीसी के पदांकन में जानबूझ कर गलत जानकारी दी गई और कई तथ्यों को छिपाया गया। शिकायत सही पाए जाने पर डीईओ और उनके कार्यालय में स्थापना शाखा के प्रभारी लिपिक को इसका जिम्मेदार माना गया। मामले में डीपीसी को निरस्त करते हुए रीव्यू डीपीसी कराने के आदेश दिए गए हैं।

### पोस्टिंग और पदांकन निरस्त करें

मामले में शिकायत करने वाले लिपिकों का कहना है कि रीव्यू डीपीसी से इसका कोई हल नहीं निकलेगा। उन्होंने मांग की है कि पदोन्नति के बाद जो पदास्थपना है, उसे निरस्त कर पदांकन सूची नए सिरे से बनने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ाना चाहिए। उनकी मांग है कि जिन लोगों पर आरोप लगा है, उनको इससे अलग रखकर पूरी प्रक्रिया संचालनालय की देखरेख में होना चाहिए।

### डीईओ जायसवाल और लिपिक को नोटिस

जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 और कनिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की गई। डीपीसी के लिए तैयार की गई पदांकन सूची में गड़बड़ी की गई। मामले में चंद्रप्रकाश साहू स्थापना शाखा में पदस्थ थे। बनाई गई पदांकन सूची में तथ्यों को छिपाते हुए नियम विरुद्ध पदोन्नति में लापरवाही और अनियमितता बरतने का दोषी पाया गया। वहीं डीईओ अभय जायसवाल को अप्रैल 2023 में नियम विरुद्ध डीपीसी कराकर पदोन्नति में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है। संचालनालय ने 26 सितंबर को पत्र जारी करते हुए दोनों से जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि अभय जायसवाल राजनांगांव में डीईओ पदस्थ थे। वहां एक छात्रा को शिकायत करने पर धमकी देने के आरोप में वहां से हटाया गया था।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक ने रोपे पौधे लिया पेड़ का आकार



**लवन।** पितृ मोक्ष अमावस्य के अवसर पर पूर्व माध्यमिक अहिल्दा के शिक्षक अरविंद कुमार मिश्रा ने अपनी मां की स्मृति में बरगद का पेड़ रोपित किया। उन्होंने बताया कि वह प्रतिवर्ष शाला परिसर में पौधारोपण कार्य किया जाता है। जिसका परिणाम यह है कि आज शाला परिसर में लगभग 300 पेड़ वृक्ष का रूप ले चुके हैं। इन वृक्षों में फलदार वृक्ष आम, जामुन, कटहल, मूंनगा, बादाम, शीशम आदि के वृक्ष सम्मिलित है। गर्मी के दिनों में बच्चे पेड़ों को नीचे बैठकर बड़ा सुकून महसूस करते हैं।

### महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन



**बिलाईगढ़।** स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के एनएसएस इकाई द्वारा किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान थीम स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता के तहत आयोजित पखवाड़ा के अंतिम दिवस 1 अक्टूबर को एनएसएस के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय के खेल मैदान में फैली गंदगी की साफ सफाई की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी तुलेश्वर सिंह ध्रुव, महाविद्यालय के अतिथि सहायक प्राध्यापक सुमन लता राठौर प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

### गांधी जयंती पर पार्षद ने बांटे डस्टबिन



**खरोरा।** नगर के बाबा घासीदास वार्ड 2 के पार्षद ने आंगनबाडी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड पार्षद भारतीसंत नवरंगे व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत खरोराहोरी सिंह ठाकुर द्वारा महात्मा गांधी की छायाचित्र पर फूल माला अर्पित कर गया। इस अवसर पर उपस्थित वार्ड वासियों को डस्टबिन वितरण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से वार्ड के अशोक साहू, प्रमोद कुंभकार, मन्नू ध्रुव, राजू बेलदार, प्रवीण गिलहर, पालेस्वर वर्मा, शंकर वर्मा, रमेश कुर्रे, पंकज नौरंगी, इतवारी राम, राजकुमार ठाकुर, जामीन वर्मा, भुनेश्वरी बंदे, पुष्पा यादव, दिव्या चंद्राकर, प्रीति ध्रुव, तारणी ध्रुव, शांति साहू, नीतू साहू, सुलोचना साहू, महिमा वर्मा, रोहिणी वर्मा, द्रोपती वर्मा, पूर्णिमा ध्रुव, महादेव धीवर, यामिनी धीवर शामिल हैं।

# धर्मांतरण पर रोक लगाए व हिन्दू राष्ट्र घोषित करें सरकार : शिवसेना

**शौचालय निर्माण में गड़बड़ी करने वाले सरपंच, सचिव व जनपद सीईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की शिवसेना ने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार




शिवसेना जिला इकाई द्वारा बलौदाबाजार के गार्डन चौक में महाधरना प्रदर्शन किया गया। आंबेडकर चौक में प्रदेश प्रमुख धनंजय परिहार समेत पदाधिकारियों का भव्य स्वागत फटाखों एवं नारों की गूंज के साथ जिले के पदाधिकारियों द्वारा फुल माला पहनाकर किया। तत्पश्चात बाइक रैली के माध्यम से बस स्टैंड होते हुए गार्डन चौक धरना स्थल पहुंचे, जहां सभी पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित किया। वहीं श्री परिहार ने खाने पीने की चीजों पर थुकने व पेशाब जिहाद करने वाले के खिलाफ कड़े शब्दों में विरोध जताया, जिले में स्थित कंपनियों में स्थानियों को रोजगार देने की बात कही। जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद ने कहा कि सिमगा से बलौदाबाजार रोड अत्यंत जर्जर होने के साथ गड्ढे में तब्दील हो गई है, उनका नवीनीकरण व हथबंद सुहेला की फोरलेन निर्माण, स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रेजी सुहेला में प्राचार्य व शिक्षक द्वारा राशि लेकर कराया गया है। ग्राम पंचायत कडार में शौचालय निर्माण में भ्रष्टाचार करने वाले सरपंच, सचिव व जनपद सीईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सीतापार में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हेतु जैसे क्षेत्रिय मामले पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे हैं, उचित कार्रवाई नहीं होने पर धरना आंदोलन जारी रहने की बात कही है। इस प्रदर्शन में मुख्य मुद्दा हिंदू राष्ट्र की मांग, घूमंतू मवेशियों के संरक्षण, धर्मांतरण पर रोक, सामान नागरिक संहिता, जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने जैसे मुद्दों शामिल हैं। वहीं बांग्लादेशी आतंकियों और जिले के कंपनी प्रबंधकों का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर मधुकर पांडे, रेशम जांगड़े, राजेश ठावरे, कमल सोनी, शंकर राजपूत, कृष्ण यादव, दिनेश ताम्रकर, धनंजय चौहान, संतोष कौशल, मुकेश देवांगन, दिलेश्वर विश्वकर्मा समेत सैकड़ों शिव सैनिक उपस्थित थे।

**जयंती : महाराजा अग्रसेन की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए बृजमोहन अग्रवाल और शिवरतन शर्मा**

# समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद में आगे आए अग्रवाल समाज : सांसद बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा




महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा शामिल हुए। यह कार्यक्रम श्री अग्रसेन भवन लिंक रोड भाटापारा में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद अतिथि बृजमोहन अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा को अंग वस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। बृजमोहन अग्रवाल ने अग्रसेन जयंती और नवरात्रि की बधाई से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अग्रवाल समाज को समाज की अगुवाई करने वाला बताया। उन्होंने समाज से एकजुट होने की अपील की जिसके लिए उन्होंने गुरुमंत्र भी दिया। बृजमोहन का कहना था कि, समाज का हर एक व्यक्ति जिस दिन समाज के प्रत्येक गरीब बच्चे की शिक्षा, गरीब लकड़ी की शादी की जिम्मेदारी लेगा और जिस दिन किसी गरीब की पैसे के आभाव में मौत नहीं होने देगा, उस दिन अग्रवाल समाज वास्तव में एकजुट माना जायेगा। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अधिक काम करने पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को संस्कारी बनाने पर जोर दिया और माता पिता की सेवा को सर्वोपरि बताया। इसके जरिए समाज और परिवार को एकजुट किया जा सके।

### अग्रसेन महाराज की दृष्टि समता मूलक रही

*कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि सर्व समाज की सेवा और सम्मान अग्रवाल समाज की परंपरा रही है। सभी धार्मिक स्थलों में धर्मशालाएं, स्कूल, महाविद्यालय, चिकित्सालय आदि अग्रवाल समाज द्वारा देश भर में संचालित की जा रही है। अग्रवाल समाज एक सक्षम और समृद्ध समाज का रूप धारण कर चुका है और राष्ट्र की तरक्की में अपना अहम योगदान सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा महाराजा अग्रसेन ने समतामूलक समाज की स्थापना की थी। बिना किसी भेदभाव के वे अपनी प्रजा को एकजुटता और परस्पर सहयोग की प्रेरणा देते रहे। उनके राज में सर्वसमाज द्वारा हर जरूरतमंद को रोजगार के लिए एक रुपैया और घर बनाने एक ईंट प्रदान करने की परंपरा थी। आज के दौर में महाराजा अग्रसेन द्वारा प्रारंभ की गई श्रेष्ठ परंपराएं अनुकरणीय है। बृजमोहन अग्रवाल एवं शिवरतन शर्मा द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समाज को बधाई दी और कवि सम्मेलन का आनंद लिया एवं कवियों के उद्गार को सुना। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष, पदाधिकारी, युवा मंडल, महिला मंडल के पदाधिकारी एवं समाज के बड़े बुजूर्ग, महिला, युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।*

# छग मनवा कुर्मी समाज चुनाव का प्रथम चरण का प्रशिक्षण पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का चुनाव 2 अक्टूबर को होने वाले प्रथम चरण के चुनाव प्रशिक्षण अनंत राम बरछिहा बहुद्देशीय भवन के सभागार में हुआ। समाज के केंद्रीय निर्वाचन प्रभारी ऋषि कुमार वर्मा ने बताया कि दस राज में दस सदस्यीय राज निर्वाचन समिति का गठन किया गया है और उसमें से एक को राज सहायक निर्वाचन प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि आवश्यक प्रपत्रों को किस प्रकार भरा जाएगा। उनका संग्रहण किस प्रकार किया जाएगा तथा सारणीयन की क्या प्रक्रिया होगी व अंतिम गोशवारा किस प्रकार बनाया जाएगा। सहायक निर्वाचन प्रभारी चोवा राम वर्मा ने कहा कि चुनाव में जो भी दिक्कतें आएंगी उसका कैसे निदान किया जा सकता है। साथ ही क्या-क्या सावधानियां बरतनी होगी आदि विषयों को रखा गया। प्रशिक्षण में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. केके नायक के साथ वर्तमान राजप्रधान चिंता राम वर्मा, हरिराम वर्मा, युगल किशोर आडील, पूर्व राजप्रधान दुलारी वर्मा, धर्मेंद्र सरसीहा, समिति के सदस्यगण अवध राम वर्मा, ललित बिजौरा, रेखा वर्मा, दिनेश आडील, डॉ. एपी नायक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज सहायक निर्वाचन प्रभारी नेतू वर्मा, शिवकुमार वर्मा, मंत राम वर्मा, रूपेंद्र कुमार परगनिहा, गणेशराम वर्मा, कामता वर्मा, तुकाराम वर्मा, प्रदीप बघमार, रमा शंकर वर्मा, केदार कश्यप अपने पूरे टीम के साथ उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। उक्ताशय की जानकारी चंद्रशेखर वर्मा मीडिया प्रभारी ने दी।

# स्कूल में मनाई महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती



**गिधौरी।** ग्राम गिधौरी के शासकीय स्कूल में महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कर पौधा रोपण किया। इस दौरान स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई गई एवं स्कूली छात्र छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकेश चंद्राकर, प्रकाश साहू , सरपंच कुमारी बाई, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सूर्या वर्मा, मदन खाण्डेकर, सुनील गुप्ता, सुनीता पटेल, राजकुमारी, पार्वती, सचिव सुरेंद्र विश्कर्मा, पुरान बाई एवं प्राचार्य आर के यादव, व्याख्याता एपमी राय, शिक्षक शिक्षिका सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# गांधी व शास्त्री की जयंती पर स्कूल में हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर 2 अक्टूबर को भरत देवांगन शाला में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक शाहिना परवीन थी। इस अवसर पर विद्यालय उपप्राचार्य हरीश देवांगन ने कहा गांधी ने अहिंसा की नीति द्वारा विपक्षी को सद्भावना के अस्त्र द्वारा पराजित कर भारत को स्वतंत्रता दिलवायी। अर्थ के क्षेत्र में चरखा उनका प्रतीक था और राजनीति के क्षेत्र में ग्राम पंचायत उनके विकेंद्रीकरण की इकाई थी, दोनों को मिलाकर आत्मनिर्भर की परिकल्पना की थी। गांधी जयंती की व्यक्तित्व कृतित्व उनकी तपस्या, उनकी स्वच्छता संबंधी जागरूकता हमें सीखने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा महात्मा गांधी की जीवनी पर गीत भाषण की प्रस्तुति दी गई। साथ ही साथ स्वच्छता अभियान के तहत रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में उपप्राचार्य हरीश देवांगन, अमर बर्मन, स्काउड गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

# प्राथमिक स्कूल में मनाई गांधी और शास्त्री जयंती




**खरोरा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला में बुधवार को महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। स्वच्छता ही सेवा के तहत कक्षा चौथी एवं पांचवी के छात्र छात्राओं द्वारा शाला प्रांगण एवं शाला के बाहर गली तथा नाली की सफाई कर जन मानस को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा ने किया। छात्र छात्राओं ने भी गांधी एवं शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में अनमोल, शिवम, डिगेश्वर, रंजीत, मिथिलेश, जितेन्द्र, बंटी, विपिन, दीपक, उमेश, योगेन्द्र, भूमिका, द्रोपती साक्षी, संध्या, छाया, तुकेश्वरी, वैशाली एवं कक्षा चौथी के सियाराम प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित हुए मदनलाल



**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ लोक हरित सृजन धारा के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में पदस्थ मदनलाल तोमर व्याख्याता को शिक्षक रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गुरु का स्थान समाज में सर्वोच्च है। गुरु ही हमें मार्ग प्रशस्त करता है। प्रदेश के उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान करने हेतु यह आयोजन सराईपाली में किया गया है। इस कार्यक्रम में बस्तर, दंतेवाड़ा, सरगुजा, रायगढ़, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर–चांपा, सक्ति, बलौदाबाजार–भाटापारा, सारंगढ़–बिलाईगढ़ गरियाबंद, कवर्धा, सुकमा एवं अन्य जिलों से 110 उत्कृष्ट शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ती पत्र से सम्मानित किया गया।




# स्वच्छता की चित्रकला स्पर्धा में मेघा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़



स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया गया। अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत बिलाईगढ़ में भी नगर पंचायत अध्यक्ष रामनारायण देवांगन एवं पार्षदों के सुझाव तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील चौधरी के मार्गदर्शन में बिलाईगढ़ के अंतर्गत आने वाली सभी शालाओं के छात्र–छात्राओं के लिए कविता लेखन, निबंध लेखन, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, क्विज कंपीटिशन, स्वच्छता दौड़, सायकल मैराथन, रंगोली, वेस्ट टू आर्ट, स्लोगन, स्वच्छता शपथ, मानव श्रृंखला निर्माण एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मेघा यादव चित्रकला में प्रथम, ऐंजल कोसले पोस्टर बनाओ में प्रथम, कनिका यादव स्लोगन लेखन में प्रथम एवं दीप्ति साहू कविता लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित हुई। ओवरऑल स्वच्छता रैंकिंग के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय बिलाईगढ़ को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार साहू ने समस्त विजेता छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर